### एक नजर में

## अंतरराज्यीय चरस तस्कर को गिरफ्तार किया



इंदौर .क्राइम ब्रांच की टीम ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है . दीपक कुशवाह निवासी विजय नगर इंदौर को चित्रगुप्त चौराहा, निपनिया रोड पर चेकिंग के दौरान रोका. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सस्ते दामों पर चरस खरीदकर शहर में महंगे दामों पर नशे के आदि लोगों को बेचने की योजना बना रहा था . तस्करी के आरोपी के कब्जे से 520 ग्राम चरस जब्त की गई, जिसकी अनुमानित अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 25 लाख रुपए बताई गई है, दीपक कुशवाह के खिलाफ शहर में पहले से लगभग 5-6 अपराध दर्ज हैं . पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विस्तृत पूछताछ और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है . एडीसीपी राजेश दंडोतिया का कहना है कि यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर, संतोष कुमार सिंह के निर्देशों के तहत की गई है, ताकि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक और अपराधियों की गतिविधियों में नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके .

## दृष्टिबाधित बालिकाओं को दिए प्रमाण पत्र



इंदौर . श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में 'अनुभूति टुवर्ड्स एम्पावरमेंट' कार्यक्रम के अंतर्गत दृष्टिबाधित बालिकाओं को कंप्यूटर शिक्षा और व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए . यह पहल संस्थान की शिक्षा और सामाजिक दायित्व के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें आर्थिक बाधाओं को दरकिनार कर बालिकाओं को नि :शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है . समारोह में समाजसेवी ज्ञानेंद्र पुरोहित ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहायक हैं . अनुभूति विज़न सेवा समिति की सुश्री चंचल सालारिया ने कहा कि समाज को देने का दायित्व हमारी प्राथमिकता है . संस्थान के निदेशक डॉ . जॉर्ज थॉमस ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 19 अक्टूबर 2022 को हुई थी और अब तक 80 से अधिक बालिकाएँ प्रशिक्षित हो चुकी हैं . इस अवसर पर विष्णु पसारी, देवेंद्र कुमार मुछाल, सचिव और अन्य ट्रस्टीगण भी मौजूद थे . समारोह का संचालन प्रतिभा अग्रवाल ने किया और कार्यक्रम का संयोजन डॉ . क्षमा पैठणकर ने किया . यह प्रशिक्षण बालिकाओं को न केवल तकनीकी कौशल प्रदान करता है, बल्कि उन्हें समाज में सक्रिय और सशक्त नागरिक बनाने का भी प्रयास है .

## महू की शिक्षिका रूपाली वर्मा को टीचिंग लॉरेट सम्मान



महू . शहर के लिए यह गर्व का क्षण है कि माउंट लिटरा ज़ी स्कूल, महू की शिक्षिका श्रीमती रूपाली वर्मा को टीचिंग लॉरेट सम्मान से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है . यह विशिष्ट सम्मान पूरे भारत में फैली माउंट लिटरा ज़ी स्कूल की 130 से भी अधिक शाखाओं में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, समर्पण और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में योगदान को देखते हुए ज़ी स्कूल की पूरे देश में संचालित श्रृंखलाओं में से चुन कर चंद अति विशिष्ट शिक्षकों को प्रदान किया गया है . महू शहर के लिए गर्व की बात है कि पूरे वेस्ट जोन में यह सम्मान माउंट लिटरा ज़ी स्कूल, महू की रूपाली वर्मा को मिला . रूपाली वर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता, जुनून और अथक प्रयासों के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन को समृद्ध बनाने का जो कार्य किया है, वह न केवल विद्यालय बल्कि सम्पूर्ण देश में फैले ज़ी स्कूल परिवार के लिए गौरव का विषय है . इस राष्ट्र स्तरीय उपलब्धि ने विद्यालय ही नहीं शहर का सम्मान भी बढ़ाया है .

## प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, भक्तों की लगी है कतार..



महू . भव्य रूप से सजे मां दुर्गे के दरबार ... मां की पूजा में खोए श्रद्धालु ... घंटे की टंकार से और शंखनाद से गूंजता वातावरण ... शेरावली के जयकारों से गूंजती फिजा ... मां का दर्शन पाने मंदिरों व पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ... गीत गाकर मां का गुणगान करतीं महिला शक्ति ... यह अलौकिक दृश्य दिखाई दिया शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन महू शहर में मां दुर्गा के पंडालो पर .. जहा शहरभर में 80 से अधिक पंडालों में विराजी मां दुर्गा अपने भक्तों को विभिन्न रूपों में दर्शन दे रही है . नवदुर्गा उत्सव के पांचवे दिन पूरा शहर विद्युत साज सज्जा से रोशन रहा . इस बार शहर में मुख्य आयोजन केला माता समिति द्वारा किया जा रहा है . समिति के इस बार 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं . जिसको लेकर पूरे शहर की इमारत से लेकर जगह-जगह विद्युत सतरंगी लाइट से रोशन किया गया है . रोजाना यहां विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं . इसी के साथ मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही . श्रद्धालु अपनी बारी के इंतजार में देर तक कतार में लगे रहे . शहर के प्रमुख मार्ग जहां पर देवी प्रतिमाएं विराजित की गई है, जिनमे प्रमुख रूप से मोदी बिल्डिंग पर झोपड़ी का मंच बनाकर माता रानी को विराजमान किया गया है . मार्केट चौक चौराहे पर 9 मुखी मां दुर्गा को विराजमान किया गया है . मोती चौक चौराहे पर पेड़ के नीचे मां दुर्गा विराजमान है . इसी के साथ लूनिया पूरा क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थान पर मां कालका की प्रतिमाएं विराजमान है ।

## सोयाबीन अति वर्षा से खराब, मुआवजे की मांग




महू . बरसात की वजह से किसानों का सोयाबीन की फैसले खराब हो गई है। जिसको लेकर किसानों ने शासन प्रशासन को मुआवजे की मांग की है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता और एक किसान ने बताया अति वर्षा के कारण किसानों का पीला सोना सोयाबीन 70 प्रतिशत खराब हो चुका है। किसानों की पीड़ा पत्रकारों के माध्यम से शासन प्रशासन को बताना चाहता हूं की आप किसानों की सुध लें और सोयाबीन का उचित मुआवजा दिया जाए साथ ही किसानों को समर्थन मूल्य 6000 रू किवंटल दिया जाए . साथ ही खाद की उचित व्यवस्था की जाए आज सुसायटी और वेयरहाउस पर खाद के लिए लंबी-लंबी कतारे लग रही है किसान भूखा प्यासा सुबह से रात तक नंबर में लगता है और फिर भी नाम मात्र की बोरी मिलती है और शासन प्रशासन इस और सपा ध्यान नहीं दे रहे साथ ही किसानों का जो इफको खाद 12 32 16 वह पिछले साल 1470 रुपए बोरी था जो आज 1850 रुपए बोरी मिल रहा है सीधे ?380 बोरी के भाव बढ़ गए है और किसानों की फसलों के दाम ना तो प्याज के भाव है ना आलू के भाव है ना लहसुन के भाव है और ना सोयाबीन के भाव है किसान हमारे देश की रीड है और अगर रीड कमजोर रही तो देश कैसे तरक्की करेगा किसानों के बारे में सोचो शासन प्रशासन और किसानों की समस्याओं का निराकरण करें .

## आतिशबाजी के साथ होगा आज़ाद ग्राउंड पर रावण दहन

महू . पूर्व पार्षद एवं कार्यक्रम आयोजक अशोक वर्मा मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी इंदौर रोड पर 31 फीट का रावण दहन होगा . कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार, राधेश्याम यादव, शेखर बुंदेला, नवीन सैनी, बने सिंह ठाकुर, राकेश परदेसी उपस्थित होंगे . नगर के हजारों नगर वासी सह परिवार उपस्थित होकर आतिश बाजी के साथ रावण दहन के साक्षी बने .

# ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा दे 1 .39 करोड़ की ठगी

▶ साइबर सेल ने यूपी के गिरोह का किया पर्दाफाश



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सोशल मीडिया पर स्टॉक ट्रेडिंग का सपना दिखाकर शहर के रिटायर्ड जनरल मैनेजर से डेढ़ करोड़ रुपए ठगने वाले गैंग का इंदौर साइबर सेल ने भंडाफोड़ किया है. गिरोह के तार उत्तर प्रदेश से जुड़े मिले हैं. चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें एलएलबी, साइबर लॉ, बीबीए और इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे छात्र भी शामिल हैं. ठगों के जरिए भेजी गई रकम का बड़ा हिस्सा चाइनीज ग्रुपों तक पहुंचाया.

आवेदक फेसबुक पर आए स्टॉक ट्रेडिंग विज्ञापन से एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ा. वहां उसे 490 फीसदी मुनाफे का लालच दिया. ओटीसी ट्रेडिंग, आईपीओ ट्रेड और ब्लॉक ट्रेडिंग के नाम पर एक माह में आवेदक से 1.39 करोड़ 60 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए. यह रकम महाराष्ट्र के बंधन बैंक खाते में भेजी गई, जहां से आरोपी अपने हिस्से का कमीशन निकालकर बाकी रकम चाइनीज लोगों के क्रिप्टो अकाउंट में ट्रांसफर कर देते थे. इंदौर साइबर सेल की टीम ने खातेधारक विजय शंकर द्विवेदी को पकड़कर पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि उसने कमीशन के लालच में खाता और एटीएम आरोपी गिरोह को सौंप रखा था. आगे की जांच में सामने आया कि लखनऊ जेल में बंद 8 आरोपी इस नेटवर्क से जुड़े हैं. प्रोडक्शन वारंट पर उन्हें इंदौर लाकर रिमांड पर पूछताछ की गई, जिसमें गिरोह की कार्यप्रणाली का राजफाश हुआ. गिरफ्तार आरोपियों में दीवाकर विक्रमसिंह



बीसीए छात्र, विनोद कुमार बीबीए छात्र, कृष शुक्ला एलएलबी छात्र, मोहम्मद शाद सिविल इंजीनियर, सक्षम तिवारी सीएस छात्र, सत्यम तिवारी साइबर लॉ डिप्लोमा, लईक अहमद कंस्ट्रक्शन वर्कर और मनीष जायसवाल 12वीं पास शामिल हैं.

### जरूरतमंदों के खाते का करते थे इस्तेमाल

आरोपी जरूरतमंद लोगों के बैंक खाते खुलवाकर उनकी डिटेल्स व्हाट्सएप-टेलीग्राम ग्रुप्स पर शेयर करते थे. इन्हीं खातों में ठगी के पैसे आते थे, जिन्हें आरोपी निकालकर चाइनीज वॉलेट्स में क्रिप्टोकरंसी के जरिए ट्रांसफर कर देते थे. मामले में साइबर सेल इंदौर ने अपराध दर्ज कर आरोपियों से गहन पूछताछ शुरू कर दी है. टीम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक साइबर सेल और उप पुलिस अधीक्षक ने किया. कार्रवाई में निरीक्षक अंजू पटेल सहित पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही.



# स्कूटी व चारपहिया वाहन को मिनी ट्रक ने मारी टक्कर, युवती घायल

▶ लोहा मंडी ब्रिज के नीचे हुआ हादसा

**इंदौर. रावजीबाजार क्षेत्र में लोहा मंडी ब्रिज के नीचे देर रात एक चार पहिया वाहन एमपी13 जीबी 6446 के नीचे आते समय लोडिंग वाहन के क्षतिग्रस्त होने और स्कूटी के फिसलने की घटना में एक युवती घायल हो गई. घायल युवती को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा.**

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन चालक 25 वर्षीय मंगल पिता मोहनलाल केवट, निवासी सावेर बायपास को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु की. चालक ने बताया कि हादसा वाहन के ब्रेक फेल होने के कारण हुआ. ब्रीथ एनालाइजर से जांच करने पर शराब की उपस्थिति नहीं पाई गई. मामले में पुलिस वाहन को जब्त कर जांच शुरु की.

# स्पीड ब्रेकर पर गिरी महिला, मौत



**इंदौर.** एबी रोड-बायपास पर बुधवार शाम दो अलग-अलग घटनाओं में हादसे में एक महिला की मौत हो गई. राऊखेड़ी ब्रिज के पास खड़े ट्रक में पीछे से कार टकरा गई, जिससे कार सवारों को चोटें आई और कार का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया. पुलिस और क्रेन टीम ने मौके पर पहुंचकर रास्ता साफ किया. इसी बीच, डकाच्या के पास बने स्पीड ब्रेकर से बाइक पर बैठी 75 वर्षीय कमलाबाई पांचाल सड़क पर गिर गई और सिर में चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई.स्थानीय लोग और राहगीर आरोप लगा रहे हैं कि एनएचएआई और सड़क बनाने वाली गायत्री कंस्ट्रक्शन कंपनी समय पर स्पीड ब्रेकर और सड़क सुधार नहीं कर रही. इंदौर से देवास के बीच सड़कों की खराब स्थिति और गड्ढों के कारण रोजाना छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं. अर्जुन बरोदा के पास सड़क सुधार के लिए 21 सितंबर तक का समय दिया गया था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है.

# ऑटो चालक की हत्या का पुलिस ने किया पर्दाफाश

▶ लिफ्ट मांगने पर हुआ था विवाद, आरोपी गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एयरपोर्ट रोड पर तीन दिन पहले हुए अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है. महज लिफ्ट न देने पर हुए विवाद ने जानलेवा रूप ले लिया और आरोपी ने ऑटो चालक की सिर पर वार कर हत्या कर दी थी. मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लिफ्ट मांगने पर उससे विवाद हुआ था, जिसके चलते उसने आक्रोश में पास पड़ा सीमेंट ब्लॉक उठा कर मार दिया था.**




पुलिस उपायुक्त जोन 1 श्रीकृष्णा लालचंदानी ने बताया कि घटना 23 सितंबर की रात करीब 10 बजे की है. केन्द्रीय विद्यालय के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला था. 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान 50 वर्षीय दीपक किरन निवासी सिद्धार्थ नगर, गांधी नगर के रूप में हुई थी. प्रारंभिक जांच और चश्मदीदों के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला हत्या का दर्ज कर विशेष टीमें बनाई, इसके बाद सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी 30 वर्षीय गणेश रणसिंगे निवासी नैनोद मल्टी, गांधी नगर को गिरफ्तार किया. पूछताछ में गणेश ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने मृतक से गांधी नगर जाने के लिए लिफ्ट मांगी थी. लिफ्ट से इनकार करने पर दोनों के बीच विवाद हुआ और गुस्से में आकर उसने वहीं पड़े सीमेंट ब्लॉक से दीपक के सिर पर हमला कर हत्या कर दी. पुलिस आयुक्त के निर्देश पर एरोड्रम थाना प्रभारी तरुण सिंह भाटी के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को पकड़ा.



# त्योहारों को लेकर रावजी बाजार में आरएफ के साथ पुलिस का फ्लैग मार्च

**इंदौर.** आगामी त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में एरिया डॉमिनेशन कर फ्लैग मार्च निकाला. देर रात रावजी बाजार थाना क्षेत्र के कटकट पूरा मस्जिद, लाल मंदिर, कुमावत पूरा, गाड़ी अड्डा, हाथीपाला, कलाल कुई मस्जिद, पॉगनिस पागा, सोनकर धर्मशाला, जबरन कॉलोनी और प्रकाश का बगीचा क्षेत्रों में पुलिस और आरएएफ के जवानों ने पैदल मार्च किया. इस दौरान 107 बटालियन आरएएफ के साथ एसीपी जूनी इंदौर विजय चौधरी, डीसी बृजमोहन राठौर, एसी अक्षय यादव और थाना प्रभारी रावजी बाजार ने बल के साथ गश्त कर लोगों को शांति और उत्साह से त्योहार मनाने का संदेश दिया. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार ऐसी कार्रवाई की जा रही है.

## रासुका में गिरफ्तार किए आरोपी को भेजा जेल



**इंदौर.** परदेशीपुरा पुलिस ने रासुका प्रकरण में शहर के कुख्यात अपराधी शुभम चौकसे को गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल इंदौर में भेज दिया. शुभम चौकसे के खिलाफ पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था. अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त झोन-2 अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि 12 और 13 अगस्त 2025 की मध्यरात्रि में आदर्श बिजासन नगर में शराब पीते समय शुभम चौकसे ने फरियादी सागर चौकसे से अडीबाजी की और रुपए मांगने पर मारपीट की थी.

पहले भी आरोपी के खिलाफ जिलाबदर सहित कई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी थी. इसके अलावा पिछले एक महीने में उसके खिलाफ मारपीट के तीन और मामले दर्ज हुए थे. जिसके तहत आरोपी को जेल भेद दिया है. शुभम चौकसे पर अब तक कुल 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं,

# क्राइम ब्रांच ने डॉक्टर को ऑनलाइन ठगी के 3 .07 लाख वापस दिलवाए

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. क्राइम ब्रांच पुलिस ने ऑनलाइन ठगी का एक गंभीर मामला सुलझाते हुए पेशेवर डॉक्टर से ठगे गए 3 लाख 7 हजार रुपए सुरक्षित रूप से वापस कराए.**

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि डॉक्टर की शिकायत के अनुसार, उन्हें अज्ञात कॉल करने वाले ने फेड-एक्स और बाद में सीबीआई अधिकारी का परिचय देकर डराया. कॉल करने वाले ने बताया कि उनके नाम से मुंबई से थाईलैंड भेजे गए पार्सल में मिथलीनडाय ऑक्सिमिथाम्फेटामीन ड्रग्स, पासपोर्ट और क्रेडिट कार्ड जैसे गैरकानूनी सामान पाए गए हैं। कॉल के दौरान डॉक्टर से आधार कार्ड और बैंक खाते की जानकारी मांगी गई और कहा गया कि उनके खातों से करोड़ों रुपए की अवैध धनराशि का लेन-देन हुआ है. डॉक्टर ने बताया कि धोखेबाजों ने उन्हें डिजिटल गिरफ्तारी और जाँच का झांसा देकर कुल 3,07,000 रुपए ट्रांसफर करवा लिए. इसके बाद कॉल करने वालों का संपर्क टूट गया. आवेदक ने इस धोखाधड़ी की शिकायत राष्ट्रीय शिकायत पोर्टल 1930 पर दर्ज कराई. मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की. संबंधित बैंक खातों को रोकते हुए, सभी लेन-देन का पता लगाया और ठगी गई राशि डॉक्टर मुकेश को वापस कराई. डॉक्टर मुकेश ने क्राइम ब्रांच का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह उनके लिए राहत की खबर है, क्योंकि यह राशि उन्होंने अपनी मेहनत से कमाई थी.

### जागरूकता और सतर्कता जरूरी

मामले में दंडोतिया का कहना है कि ऑनलाइन ठगी के मामलों में जागरूकता और सतर्कता बेहद जरूरी है, ताकि ऐसे अपराधियों को पकड़ने और ठगे गए पैसे वापस दिलाने में मदद मिल सके.

# फर्जी एनओसी पर बने 70 ड्राइविंग लाइसेंस

## आरटीओ का बाबू निलंबित

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आरटीओ इंदौर में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने में बड़ा घोटाला सामने आया है. जांच में खुलासा हुआ है कि अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर से लाई गई फर्जी एनओसी के आधार पर करीब 70 लाइसेंस जारी कर दिए. मामला पकड़े जाने के बाद परिवहन आयुक्त ने सभी लाइसेंस तत्काल रद्द कर दिए हैं. वहीं जिम्मेदार पाए गए बाबू धर्मेंद्र डागुर को निलंबित कर ग्वालियर अटैच कर दिया है.

जांच के दौरान सामने आया कि हरियाणा के रहने वाले एक व्यक्ति का लाइसेंस, जो पहले निरस्त हो चुका था, दोबारा नॉर्थ ईस्ट राज्यों से बनवाकर मध्यप्रदेश ट्रांसफर किया, यही नहीं, कई ऐसे ही मामले और भी मिले, जिनमें गड़बड़ी साफ झलक रही थी. सूत्रों का कहना है कि लाइसेंस जारी करने में सिर्फ डागुर ही नहीं, बल्कि एक अन्य बाबू आरपी गौतम और कुछ एजेंटों की भी भूमिका संदिग्ध है. आरोप है कि आरपी गौतम ने डागुर की आईडी का इस्तेमाल कर लाइसेंस पास किए, लेकिन कार्रवाई से उन्हें बचा लिया. इससे आरटीओ दफ्तर में कर्मचारियों में असंतोष फैल गया है. वहीं एजेंटों में भोला, योगेश और राम के नाम भी सामने आए हैं, जो बाहर से आने वाले लाइसेंस ट्रांसफर का काम करवाते थे. परिवहन विभाग का कहना है कि अब ऐसे मामलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी. खासकर नॉर्थ ईस्ट राज्यों से आने वाले आवेदन गहन जांच के बाद ही स्वीकार होंगे. पहले बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन से गड़बड़ी की गुंजाइश कम थी, लेकिन अब फेसलेस व्यवस्था लागू होने से फर्जीवाड़े का रास्ता खुल गया है. इसी खामी का फायदा उठाकर यह घोटाला किया. मामले में आगे की जांच की जा रही है.

**आयोजन** ▶ बेटियों के सम्मान और सुरक्षा का संदेश

# थाना लसूड़िया में कन्याभोज और कन्या पूजन

**इंदौर. लसूड़िया ने समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और सुरक्षा के महत्व को लेकर आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम में राज्य सरकार और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लेकर इस पहल को समर्थन दिया. लसूड़िया थाना परिसर में आयोजित कन्या भोज और कन्या पूजन कार्यक्रम में मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं क्षेत्रीय पार्षद मौजूद रहे.**

आयोजन में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह, पुलिस उपायुक्त जोन 2, पुलिस उपायुक्त जोन 1, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 2 और सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर ने भी शिरकत की. कार्यक्रम में लगभग 45 सरकारी



और प्राइवेट स्कूलों की 4000 से अधिक बालिकाएं शामिल हुईं. थाना स्टाफ ने सहयोग राशि इकट्ठा करके इस कार्यक्रम का आयोजन किया. इसका उद्देश्य समाज में पुलिस और जनता के बीच विश्वास, आत्मीयता तथा सहयोग की भावना को मजबूत करना है.